।। कार्यालय, कलेक्टर/अध्यक्ष, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला-दुर्ग ।।
जिला पंचायत के सामने, जी.ई. रोड, दुर्ग छ.ग.

फो.नं. 0788-2322345 E-mail: deomdmdurg@gmail.com


ज्ञाप कमांक/13800/सेजेस/संविदा विज्ञापन/2025/ दुर्ग दिनांक 01 SEP 2025

## -:: संविदा (अंग्रेंजी माध्यम) भर्ती हेतु विज्ञापन ::-

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, योजना अंतर्गत दुर्ग जिला के कुल 10 नवीन सेजेस विद्यालय के लिए (रिक्तियां होने पर) व्याख्याता/शिक्षक/सहा.शिक्षक/सहायक शिक्षक, विज्ञान (प्रयोगशाला)/ग्रंथपाल एवं कम्प्यूटर शिक्षक के संविदा/प्रतिनियुक्ति पदों पर इच्छुक आवेदकों से दिनांक 19/09/25 रात्रि 11:59 बजे तक आनलाईन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आनलाईन आवेदन का लिंक जिले के वेबसाईट durg.gov.in में एवं https://cgssa.in/sagesdurg/ पर उपलब्ध हैं, आवेदन निर्धारित तिथि पर समयावधि में पोर्टल पर प्राप्त हो जाना अनिवार्य होगा, निर्धारित तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जायेगा तथा कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

## संविदा भर्ती की शर्तें एवं चयन प्रक्रियाः-

**आयु-सीमा :-**

1. 01 जनवरी 2025 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूरी कर ली हो तथा अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होगी।
2. यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 05 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।
3. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए, उच्चतर आयु सीमा में अधिकतम 05 वर्ष तक शिथिलनीय होगी। समस्त छूट को सम्मिलित करते हुए आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
5. विज्ञापित पद पूर्णतः स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति के अधीन है। इन पदों पर संविदा से नियुक्त व्यक्तियों द्वारा शासन के पद पर नियमितीकरण अथवा संविलियन का दावा नहीं किया जा सकेगा।
6. विज्ञापन में उल्लेखित पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
7. संविदा पद पूर्णतः अस्थायी है। भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर यह नियुक्ति स्वयमेव निरस्त मानी जाएगी।
8. आनलाईन आवेदन का लिंक एवं भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट durg.gov.in एवं https://cgssa.in/sagesdurg/पर पदवार उपलब्ध है।
9. आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।
10. आवेदन आनलाईन माध्यम से नियत तिथि 19/09/25 समय रात्रि 11:59 बजे तक प्राप्त होना अनिवार्य होगा। सीधे एवं नियत तिथि व समय के पश्चात् आनलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। आवेदन प्राप्त करने उपरांत किसी भी प्रकार के दस्तावेज अलग से स्वीकार नही किए जायेंगें।
11. आपके द्वारा आनलाईन प्रविष्टि के आधार पर दस्तावेज परीक्षण दिवस में 1. जन्म प्रमाण पत्र/10वीं की अंकसूची की छायाप्रति (जन्मतिथि हेतु) 2. जाति प्रमाण पत्र (छ०ग० राज्य का) 3. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची 4. छत्तीसगढ़ निवास प्रमाण पत्र की (स्वप्रमाणित छायाप्रति) संलग्न करना अनिवार्य हैं। 5. जीवित रोजागार पंजीयन प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। 6.. **एक अभ्यर्थी एक ही पद हेतु आवेदन कर सकते है। 7.अंग्रेजी माध्यम के शैक्षणिक पदों (व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत विषय के आवेदक को छोड़कर) के आवेदकों की संपूर्ण शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी होना अनिवार्य है। 8. दस्तावेज परीक्षण दिवस में अभ्यर्थियों को अपने समस्त उक्त दस्तावेज मूल प्रति में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
12. **आरक्षित पद हेतु आवेदन की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।**
13. पात्र/अपात्र सूची, पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची, एवं अन्य सूचना समय-समय पर जिले की वेबसाईट durg.gov.in अथवा https://cgssa.in/sagesdurg/अपलोड की जाएगी। जिस हेतु पृथक से पत्र या सूचना नहीं भेजी जाएगी।
14. प्रतिनियुक्ति के माध्यम से पदों की पूर्ति होने की स्थिति में संविदा नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
15. संविदा कर्मचारियों हेतु संविदा नियुक्ति छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 एवं राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशो के प्रावधानों के अनुसार की जायेगी।



Scanned with OKEN Scanner

16. जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा प्रक्रिया पूरी की जाएगी।
17. विज्ञापित पदों पर चयन का आधार निम्नानुसार विभिन्न परीक्षा के अधिभार पश्चात कुल प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर होगा। जो कि निम्नानुसार निर्धारित किया गया है–

| कमांक | पदनाम | 10 वीं | 12 वी | स्नातक | स्नातकोत्तर | अनुभव(अधिकतम 10 अंक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | - | - | 30% | 60% | 10% |
| 2 | शिक्षक | - | 30% | 60% | - | 10% |
| 3 | सहायक शिक्षक | 30% | 60% | - | - | 10% |
| 4 | शिक्षक कम्प्यूटर | - | 30% | 60% | - | 10% |
| 5 | ग्रंथपाल | - | 60% | 30% (बी. लिब) | - | 10% |
| 6 | प्रयोगशाला | 30% | 60% | - | - | 10% |

18. ग्रंथपाल के पद हेतु निर्धारित न्यूनतम योग्यता के साथ बी.लिब उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।
19. प्रत्येक पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के अंको के आधार पर उक्त बिन्दु क्रमांक 17 अनुसार मेरिट सूची तैयार की जाएगी।
20. उक्त मेरिट सूची के आधार पर 01 पद के लिए 05 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज परीक्षण हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
21. विस्तृत जानकारी/पात्र–अपात्र सूची /मेरिट/चयन सूची अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये आनलाईन आवेदन पत्रों के दस्तावेज परीक्षण उपरांत पृथक से जिले की वेबसाईट durg.gov.in एवं https://cgssa.in/sagesdurg/ पर अपलोड की जाएगी।
22. न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव होने पर ही अनुभव के अंक का लाभ दिया जाएगा एवं 02 वर्ष से अधिक होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 02 अंक तथा अधिकतम 10 अंक देय होगा। **शिक्षकीय कार्य हेतु अध्यापन अनुभव शासन द्वारा मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम (व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत विषय को छोड़कर) विद्यालयों से होना अनिवार्य हैं। अनुभव उसी पद तथा विषय से संबंधित हों जिसके लिए अभ्यर्थी द्वारा आवेदन किया जा रहा है। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी दिनांक के उपरांत का होना अनिवार्य होगा। दस्तावेज परीक्षण दिवस में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र परीक्षण/सत्यापन उपरांत ही कोई भी अभ्यर्थी चयन हेतु पात्र माने जायेंगें। किसी भी समय अनुभव प्रमाण पत्र यदि असत्य/जालसाज पाया जाता है तो चयन स्वमेव निरस्त माना जायेगा।**
23. विज्ञापित पदों पर कार्यभार ग्रहण न करने/त्यागपत्र देने की स्थिति में रिक्त पदों की पदपूर्ति प्रतीक्षासूची से की जावेगी। जिसकी वैधता दिनांक 30 सितम्बर 2026 तक के लिए होगी।
24. चयन के संबंध में अध्यक्ष चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
25. नियुक्ति विद्यालय विशेष के लिये होगी। कार्यभार ग्रहण उपरांत पद परिवर्तन अथवा स्थानांतरण अथवा संलग्नीकरण स्वीकार्य नहीं होगा।
26. पूर्व से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संविदा के पद पर कार्यरत् कर्मचारियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधित जिले के सचिव/जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त कर दस्तावेज परीक्षण दिवस के दिन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र .न होने पर आवेदन अमान्य माना जावेगा।



Scanned with OKEN Scanner

शालावार पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क. | वि.ख. | शाला का नाम | पदनाम | विषय | रिक्त पदों की संख्या | | | | संविदा एक मुश्त वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अ.ज.जा | अ.जा | अ.पि.व | अना | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | दुर्ग | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अंडा | शिक्षक | | 1 | | 1 | 1 | 35400 |
| | | | शिक्षक | कम्प्यूटर | | | | 1 | 35400 |
| | | | सहायक शिक्षक | | 1 | 1 | 1 | 2 | 25300 |
| | | | सहायक शिक्षक विज्ञान | प्रयोगशाला | 1 | | | 1 | 25300 |
| 2 | दुर्ग | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जे.पी.नगर कैम्प 2 | व्याख्याता | अंग्रेजी | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | सामाजिक अध्ययन | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | जीव विज्ञान | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | भौतिक | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | रसायन | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | वाणिज्य | 1 | | | 1 | 38100 |
| | | | शिक्षक | | 1 | | 1 | 2 | 35400 |
| | | | शिक्षक | कम्प्यूटर | | | | 1 | 35400 |
| | | | सहायक शिक्षक | | 1 | | 1 | 2 | 25300 |
| | | | सहायक शिक्षक विज्ञान | प्रयोगशाला | 1 | | | 1 | 25300 |
| | | | ग्रंथपाल | | | | | 1 | 22400 |
| 3 | दुर्ग | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तिरगा | शिक्षक | | 1 | | 1 | 2 | 35400 |
| | | | शिक्षक | कम्प्यूटर | | | | 1 | 35400 |
| | | | सहायक शिक्षक | – | 1 | 1 | 1 | 2 | 25300 |
| 4 | दुर्ग | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कातरो | शिक्षक | कम्प्यूटर | | | | 1 | 35400 |
| | | | सहायक शिक्षक | – | 1 | 1 | 1 | 2 | 25300 |
| 5 | दुर्ग | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पाउवारा | शिक्षक | कम्प्यूटर | | | | 1 | 35400 |
| | | | सहायक शिक्षक | – | 1 | 1 | 1 | 2 | 25300 |
| 6 | पाटन | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुगदा | शिक्षक | कम्प्यूटर | | | | | 35400 |
| | | | सहायक शिक्षक | – | 1 | 1 | 1 | 2 | 25300 |
| 7 | पाटन | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पुरैना | शिक्षक | कम्प्यूटर | | | | 1 | 35400 |
| | | | सहायक शिक्षक | – | 1 | 1 | 1 | 2 | 25300 |
| 8 | दुर्ग | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हा.सेक्टर 9 | व्याख्याता | हिन्दी | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | सामाजिक अध्ययन | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | भौतिक | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | रसायन | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | वाणिज्य | | | | 1 | 38100 |
| | | | शिक्षक | – | 1 | | 1 | 2 | 35400 |
| | | | शिक्षक | कम्प्यूटर | | | | 1 | 35400 |
| | | | सहायक शिक्षक | – | 1 | | 1 | 2 | 25300 |
| | | | सहायक शिक्षक विज्ञान | प्रयोगशाला | 1 | | | 1 | 25300 |
| 9 | दुर्ग | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बोरसी | व्याख्याता | हिन्दी | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | सामाजिक अध्ययन | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | रसायन | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | वाणिज्य | 1 | | | 1 | 38100 |
| | | | शिक्षक | – | 1 | | 1 | 2 | 35400 |
| | | | शिक्षक | कम्प्यूटर | | | | 1 | 35400 |
| | | | सहायक शिक्षक | – | 1 | | 1 | 2 | 25300 |
| | | | सहायक शिक्षक विज्ञान | प्रयोगशाला | 1 | | | 1 | 25300 |
| | | | ग्रंथपाल | | | | | 1 | 22400 |
| 10 | दुर्ग | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अंजोरा ख | व्याख्याता | हिन्दी | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | गणित | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | सामाजिक अध्ययन | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | जीव विज्ञान | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | भौतिक | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | रसायन | | | | 1 | 38100 |
| | | | व्याख्याता | वाणिज्य | | | | 1 | 38100 |
| | | | शिक्षक | – | 1 | | 1 | 2 | 35400 |
| | | | शिक्षक | कम्प्यूटर | | | | 1 | 35400 |
| | | | सहायक शिक्षक | – | 1 | 1 | 1 | 2 | 25300 |
| | | | सहायक शिक्षक विज्ञान | प्रयोगशाला | 1 | | | 1 | 25300 |
| | | | ग्रंथपाल | | | | | 1 | 22400 |
| | | Total | | | 23 | 7 | 16 | 71 | |

टीपः– एकल पद में आरक्षण नहीं होने से अनारक्षित संवर्ग में दर्शाया गया है।



Scanned with OKEN Scanner

## पदवार न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | विषय | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय (संलग्न–परिशिष्ट 01) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>2. बी.एड अनिवार्य।<br>3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत के लिए अंग्रेजी माध्यम अनिवार्य नहीं है। |
| 2 | शिक्षक | 1. न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक<br>एवं<br>बी.एड. उत्तीर्ण<br>तथा<br>टी.ई.टी. उत्तीर्ण (उच्च प्राथमिक स्तर)<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगे। |
| 3 | सहायक शिक्षक | 1. न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा एवं डी.एल.एड./डी.एड./ उत्तीर्ण तथा टी.ई.टी. उत्तीर्ण (प्राथमिक स्तर)<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 4 | शिक्षक कम्प्यूटर | 1. मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से बीई /बी.टेक( कम्प्यूटर सांईस/आई.टी), बी.एस.सी (कम्प्यूटर सांईस/आई.टी)/बैचलर ईन कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक अथवा एम.सी.ए, एम.एस.सी(कम्प्यूटर सांईस/आई.टी) में स्नातकोत्तर में न्यूनतम 50 प्रतीशत् में उत्तीर्ण। किसी भी प्रकार के डिप्लोमा स्वीकृत नहीं किये जायेंगे।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 5 | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला | 1 मान्यता प्राप्त बोर्ड से जीवविज्ञान/गणित विषय समूह के साथ उच्चतर माध्यमिक प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2.संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगे। |
| 6 | ग्रंथपाल | 1. मान्यता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं बी.लिब की उपाधि अनिवार्य है।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |

### ।। परिशिष्ट – 01 ।।
### व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम) संविदा भर्ती हेतु

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से द्वितीय श्रेणी में निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय में स्नातकोत्तर/समकक्ष एवं बी.एड.

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी | हिन्दी |
| 2 | संस्कृत | संस्कृत/क्लासिकल/आचार्य |
| 3 | अंग्रेजी | अंग्रेजी |
| 4 | गणित | गणित/एप्लाइड गणित |
| 5 | सामाजिक विज्ञान | अर्थशास्त्र/एप्लाइड अर्थशास्त्र/बिजनेस अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन/भूगोल/इतिहास/प्राचीन भारतीय इतिहास |
| 6 | जीवविज्ञान | वनस्पति शास्त्र/ प्राणी शास्त्र/लाइफ साइन्स/जैविकी/ अनुवांशिकी(जैनेटिक्स)/सूक्ष्म जैविकी (माइक्रोबायोलॉजी)/जैव प्रौद्योगिकी(बायोटेक्नॉलॉजी)/आणविक जीव विज्ञान (मालिकुलर बायोलॉजी)/ पादप कार्यिकी(प्लान्ट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हों। |
| 7 | भौतिकी | भौतिकी/ इलेक्ट्रानिक्स/एप्लाइड भौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी |
| 8 | रसायन | रसायन/बायोकेमेस्ट्री |
| 9 | वाणिज्य | एकाउण्टेसी सहित वाणिज्य/ कास्ट एकाउंटिंग/फाइनेन्सियल एकाउन्टेंसी मुख्य विषय रहा हों। |

कलेक्टर एवं अध्यक्ष
स्वा.आ.उ.अं.मा. विद्यालय
संचालन एवं प्रबंधन समिति
जिला–दुर्ग (छ.ग.)



Scanned with OKEN Scanner

पृ क्रमांक / 13801 / सेजेस / संविदा विज्ञापन / 2025 /                    दुर्ग दिनांक 01 SEP 2025

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, छ.ग.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
3. आयुक्त, दुर्ग संभाग की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दुर्ग की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. संयुक्त संचालक, शिक्षा, संभाग दुर्ग की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. जिला शिक्षा अधिकारी / सदस्य सचिव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला दुर्ग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. समस्त सदस्य, जिला स्तरीय चयन समिति, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला दुर्ग की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
8. जनसंपर्क अधिकारी, जिला दुर्ग की ओर सूचनार्थ एवं निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।
9. डी.आई.ओ., एन.आई.सी. दुर्ग को सूचनार्थ एवं जिले के पोर्टल में अपलोड किये जाने की कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**स्वा.आ.उ.अं.मा. विद्यालय**
**संचालन एवं प्रबंधन समिति**
**जिला–दुर्ग (छ.ग.)**



Scanned with OKEN Scanner